राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

आदर्शों को अपनाने का किया आह्वान

राज्यपाल श्री बागडे ने राजभवन में महात्मा गांधी और शास्त्री जी को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी

जयपुर, 2 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धा निवेदित की।

श्री बागडे ने कहा कि महात्मा गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलने के लिए कृतसंकल्पित रहें। इसी तरह लाल बहादुर शास्त्री का जीवन ईमानदारी और शुचिता का अनुपम उदाहरण है। श्री बागडे ने इन दोनों विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए जन जन को सत्य, अहिंसा और न्याय के साथ ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन का आह्वान किया है।